हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 2 मई 2025

तापमान
अधिकतम 38 .0 डिग्री
न्यूनतम 25 .0 डिग्री

11 एक करोड़ से होगा संत शिरोमणि गुरु रविदास....



11 सीआरएसयू में सफाईकर्मियों का वेतन पांच माह से लंबित



## पुलिस ने सुलझाई पट्टी अफगान के कमरे से बरामद शव की गुत्थी

# ब्लाइंड मर्डर मिस्ट्री : बेटे ने की थी बाप की डंडे से पीट-पीटकर हत्या

### सीआईए-वन ने आरोपित गांव चांदी जिला रोहतक निवासी विष्णु को दबोचा

आरोपी ने कबूला कि उसका पिता काफी समय से उसकी मां से अलग रहता था इसी बात को लेकर अपने पिता से रंजिश रखता था।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



कैथल। पुलिस गिरफ्त में हत्यारोपी। फोटो :हरिभूमि

ब्लाइंड मर्डर मिस्ट्री में सीआईए-1 व थाना शहर पुलिस द्वारा ज्वाइंट कार्रवाई करते मामले को सफलतापूर्वक सुलझाते हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। मृतक का बेटा ही हत्यारा निकला है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पट्टी अफगान कैथल निवासी रिछपाल की शिकायत अनुसार 52 वर्षीय उसका छोटा भाई रामपाल उसके पड़ोस में रहता था। रामपाल की पत्नी का उसके साथ मनमुटाव चल रहा था, जिस कारण उसकी पत्नी बेटे व बेटी के साथ मायके गांव चिड़ी चांदी जिला रोहतक में रह रही थी। पिछले कुछ दिनो से वह चीका रोड पर फलो की रेहड़ी लगाता था। पिछले 5-6 दिन से वह दिखाई नहीं दिया। 28 अप्रैल को उन्होने उसके घर जाकर देखा तो मेन गेट बाहर से बंद था। अंदर से काफी बदबू आ रही थी। कमरे का दरवाजा खोलकर देखा तो उसका भाई रामपाल मृत अवस्था में चारपाई पर पड़ा था। जिससे काफी बदबू आ रही थी और शव गली सडी अवस्था में था, जिसके सिर व अन्य अंगों पर चोट के निशान थे। जिस बारे थाना शहर में हत्या का मामला दर्ज किया गया। प्रवक्ता ने बताया कि एसपी आस्था मोदी द्वारा जल्द से जल्द मामले को सुलझाते आरोपियों को गिरफ्तार करने के आदेश दिए गए थे। आदेशों पर खरा उतरते सीआईए-1 प्रभारी एसआई जसवंत सिंह व थाना शहर पुलिस के पीएसआई शनेष की टीम द्वारा आरोपी गांव चांदी जिला रोहतक निवासी विष्णु को काबू कर लिया गया। आरोपी विष्णु मृतक रामपाल का बेटा है। जो उसने उसके पिता की हत्या की वारदात को अंजाम देना कबूल किया। आरोपी ने कबूला कि उसका पिता उसकी मां से अलग रहता था। वह इसी बात को लेकर अपने पिता से रंजिश रखता था। 21 अप्रैल को बाप से मिलने आया था व कहा सुनी हो गई। उसने वहा पड़े डंडे से पिता के सिर व टांगो पर वार किए जिससे मौत हो गई।

### गढ़वाली में पति ही निकला पत्नी का हत्यारा

जुलाना। जुलाना क्षेत्र के गढ़वाली खेड़ा गांव में एक विवाहिता की आत्महत्या का मामला सामने आया था। जिस पर महिला के चाचा ने आरोप लगाया था कि प्रताडना से तंग आकर उसकी भतीजी ने आत्महत्या की है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर महिला के पति विकास के खिलाफ मामला दर्ज किया था। इसी मामले की जांच करते पुलिस ने महिला के पति को गिरफ्तार किया था। पुलिस पूछताछ में विकास ने उसकी पत्नी की हत्या की वारदात कबूल कर ली है। विकास ने पुलिस पुछताछ में बताया कि उसने ही महिला का गला दबा कर हत्या की थी। मायका पक्ष के लोगों ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी लड़की पायल की शादी लगभग एक साल पहले गढ़वाली गांव निवासी विकास के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही विकास पायल के साथ दहेज के लिए मारपीट हुआ तंग करता था। जिसकी सूचना काजल द्वारा मायका पक्ष को दी गई थी। दहेज की प्रताडना से तंग आकर पायल ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी । पुलिस ने मायका पक्ष की शिकायत पर पति विकास के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। जुलाना थाना प्रभारी आशीष ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी की गढ़वाली में महिला ने आत्महत्या कर ली है। मृतक के चाचा बंटी ने बताया कि उसकी भतीजी पायल की शादी एक साल पूर्व गढ़वाली निवासी विकास के साथ हुई थी



जींद। मौके पर मौजूद लोग। फोटो :हरिभूमि

## गैराज में मैकेनिक का अधजला शव मिलने से मचा हड़कंप

- बीड़ी या जलती तिल्ली गिरने की आशंका, पुलिस ने खंगाली फूटेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सफीदो रोड पर गैराज के ऊपर बने कमरे में सोए मैकेनिक का अधजला शव मिलने से हडकंप मच गया। कमरे में रखा सामान भी जलकर राख हो चुका था। मैकेनिक की मौत कैसे हुई, इसका खुलासा तो पोस्टमार्टम के बाद हो पाएगा। फिलहाल आंशका जताई जा रही है कि बीड़ी या जलती तिल्ली गिरने से कमरे में आग लगी है। जिसके चलते मैकेनिक की जलने से मौत हो गई। शहर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। विकास नगर निवासी राजेश (52) सफीदों रोड पर इंजीनियरिंग कालेज के निकट गैराज में काम करता था। बीती रात वह खाना खाकर गैराज के ऊपर बने कमरे में जाकर सो गया। जो वीरवार को सुबह कमरे में जली हालात में मृत पाया गया। कमरे में रखा सामान जल कर राख हो चुका था। घटना की सूचना पाकर सिविल लाइन थाना प्रभारी विनोद कुमार फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंच गए और हालातों का जायजा ले शव का पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया। घटना की सूचना पाकर पुलिस तथा फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और हालातों का जायजा लिया। पुलिस ने वहां लगे सीसी टीवी कैमरे की फूटेज को भी खंगाला। कुछ संदिग्ध दिखाई नही दिया। हालात कुछ इस प्रकार सामने आया कि मृतक राजेश तख्त पर सोया था। जिस पर गद्दा बिछा हुआ था। मृतक को मिर्गी के दौरे भी पड़ते थे। खाली शराब की बोतल भी वहां पर पड़ी मिली है। नशे से भी इनकार नही किया जा सकता। आशंका जताई जा रही है कि रात को जलती तिल्ली तथा बीड़ी गिरी है। जिसके चलते आग लगी। धुआं होने के कारण या नशे में होने के कारण राजेश उठ नही सका और जलने से उसकी मौत हो गई। फिर भी पोस्टमार्टम में मौत के कारण स्पष्ट हो जाएंगे। गैराज मालिक ईश्वर ने बताया कि बीती रात लगभग दस बजे राजेश ऊपर बने कमरे चला गया था। वह लगभग अढाई माह से उसके पास काम कर रहा था।

## खबर संक्षेप

### दो पिस्तौल और दो जिंदा कारतूस के साथ दो काबू

जींद। सीआईए स्टाफ नरवाना ने दो स्थानों से दो युवकों को काबू कर कब्जे से दो पिस्तौल तथा दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। गढ़ी थाना पुलिस ने पकड़े युवको के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीआईए स्टाफ नरवाना को सूचना मिली थी कि गांव पीपलथा स्कूल के निकट एक युवक अवैध असलहा के साथ खड़ा हुआ है।

### मल्लखंब खेलों के ट्रायल रोहतक में आज होंगे

कैथल। जिला खेल अधिकारी राज रानी ने बताया कि 7वें खेलों इंडिया यूथ गेम्स का आयोजन 4 मई से 15 मई को बिहार में करवाया जा रहा है। हरियाणा राज्य की सेपक टकराव तथा मल्लखंब खेलों की टीमों के ट्रायल के आधार पर चयन किया जाना है। सेपक टकराव तथा मल्लखंब खेल के खिलाड़ियों (महिला एवं पुरूष) के ट्रायल 2 मई को रोहत्तक में आयोजित होंगे।

### थार गाड़ी चोरी करने के चार आरोपित गिरफ्तार

जींद। रोहतक रोड एजेंसी के निकट से थार गाड़ी चोरी करने के मामले में शहर थाना पुलिस ने चार युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है। गांव खोड जिला मुरैना मध्य प्रदेश निवासी सतेंद्र ने गत 28 अप्रैल को दी शिकायत में बताया कि वह नासिक से ट्राले में छह थार गाड़ी लेकर जींद के रोहतक रोड एजेंसी में पहुंचा था।

### दवाइयां व मोबाइल चोरी का आरोपित गिरफ्तार

कैथल। अस्पताल एवं नशा मुक्ति केंद्र से फोन व दवाइयां चोरी करने के मामले में कार्रवाई करते थाना चीका एसएचओ इंस्पेक्टर बलबीर सिंह की अगुवाई में एचसी सुमित कुमार की टीम द्वारा आरोपी भागल निवासी अंकित को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि चीका में निर्वाण हस्पताल एवं नशा मुक्ति केंद्र के एटेंडट अमन ने शिकायत दर्ज करवाई थी।

### बाप-बेटे से मारपीट करने के दो आरोपित गिरफ्तार

जींद। शहर थाना पुलिस ने पालिका बाजार में बाप व बेटे के साथ मारपीट करने के दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है। पालिका बाजार निवासी राहुल ने गत 26 अप्रैल को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उनकी पडोसी दुकानदार रिषीपाल के साथ विवाद चला आ रहा है।

### ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में आने से बाइक चालक घायल, केस

कैथल। गांव डोहर में ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आने से बाइक चालक घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया है। गांव डोहर के सुरेंद्र पाल ने सदर पुलिस कैथल को शिकायत में आरोप लगाया है कि 13 अप्रैल को जब वह बाइक पर सवार होकर गांव से जा रहा था तो एक अज्ञात ट्रैक्टर चालक ने अपने ट्रैक्टर ट्राली को तेज गति और लापरवाही से चलते हुए उसे चपेट में लेकर घायल कर दिया।

### महंत से चौथ मांगने का आरोपी गिरफ्तार

जींद। सदर थाना पुलिस ने गांव खरकरामजी मंदिर के महंत को धमकी देकर 20 लाख रुपये की चौथ मांगने तथा धमकी देने के मामले मे पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। खरकरामजी निरंकार मंदिर के महंत सुखबीर दास ने गत 14 मार्च को पुलिस को शिकायत दी थी।

### अपहरण करके फिरौती मांगने का आरोपी काबू

कैथल। गांव सिणंद निवासी युवक को विदेश भेजने के नाम पर अपहरण करके लाखों रुपए फिरौती मांगने के मामले की जांच स्पेशल डिटेक्टिव युनिट प्रभारी एसआई रमेश की अगुवाई में एएसआई तरसेम की टीम द्वार करते आरोपी गांव उझाना जिला जींद निवासी अंकित को काबू कर लिया गया।

## मजदूर दिवस पर श्रमिकों का प्रदर्शन

- 20 मई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल में लेंगे बढ़चढ़ कर भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद




जींद। सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए। फोटो :हरिभूमि

अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर गुरूवार को विभिन्न मजदूर संगठनों, कर्मचारी संगठनों ने शहर में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन से पहले नेहरू पार्क में सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता संयुक्त रूप से एसकेएस के जिला प्रधान संजीव ढांडा व सीटू उपाध्यक्ष कश्मीर सेलवाल ने की। सभा के बाद सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। मजदूर दिवस पर मई दिवस के शहीदों व पहलगाम के शहीदों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि देकर सभा की शुरुआत की। सभा को संबोधित करते हुए सीटू जिला सचिव कपूर सिंह, फूलसिंह श्योकंद, सर्व कर्मचारी संघ के नेता धर्मबीर भम्भेवा, रिटायर्ड कर्मचारी संघ के नेता छज्जू राम ने कहा कि एक मई का दिन श्रमिकों के अनमोल योगदान, उनके संघर्षों और अधिकारों को सम्मान देने का अवसर है। जो श्रमिकों की गरिमा और सामाजिक न्याय के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## स्वास्थ्यकर्मियों ने सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

- कार्यक्रमों को ऑनलाइन करने के लिए फोन सिम, लैपटॉप, टैब की करवाई जाए सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। सिविल सर्जन को मांगों का ज्ञापन सौंपते एसोसिएशन पदाधिकारी।

स्वास्थ्य कर्मचारियों की मांगों व समस्याओं को लेकर बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसो के जिला प्रधान प्रदीप लाठर की अगुवाई में प्रतिनिधि मंडल ने गुरूवार को सीएमओ डा. सुमन कोहली से मुलाकात की और कर्मचारियों की समस्याओं से अवगत करवाया और समाधान करने का आग्रह किया। सिविल सर्जन के साथ हुई बैठक के बाद जिला प्रधान प्रदीप लाठर, सचिव गुरनाम सिंह, वित्त सचिव अमरजीत तथा राज्य उपप्रधान सुदेश रानी ने बताया कि एसोसिएशन ने स्वास्थ्य कार्यक्रमों को ऑनलाइन करने के लिए मोबाइल सिम, लैपटॉप, टैब, मोबाइल सेट तथा इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध करवाने, ब्लॉक 2020-2023 की एलटीसी का लाभ एमपीएचडब्लू व एमपीएचएस को दिलवाने, कर्मचारियों के एसीपी के लंबित मामलों का समाधान करवाने, सभी कर्मचारियों को सरकार द्वारा निर्धारित वेतन दिवस पर ही वेतन दिलवाना सुनिश्चित करने, एनएचएम के तहत कार्यरत कर्मचारियों विशेषकर एमपीएचडब्लयू महिला को उनके बॉयलाज अनुसार वेतन वृद्धि का लाभ दिलवाने, टीकाकरण कार्य के लिए वैक्सीन विशेषकर डीपीटी तथा रोटावायरस की सप्लाई का प्रबंध करवाने, एवीडी के तहत कार्य करने वाले कर्मचारियों को बकाया मानदेय दिलवाने, कर्मचारियों के चिकित्सा प्रति पूर्ति बिलों का समय पर भुगतान करवाने की मांग की । जिला सचिव गुरनाम सिंह ने बताया कि सिविल सर्जन ने एसो के प्रतिनिधियों की बातों का ध्यान से सुना व निश्चित समयअवधि के अंदर मांगों का समाधान करने के लिए जहां संबंधित जिला के अधिकारियों का निर्देश जारी करने का आश्वासन दिया।

## पेयजल के 33 अवैध कनेक्शन काटे

- कलायत खंड के गांव हरीपुरा में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने काटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



कैथल। गांव हरीपुरा में सब्जी के कनेक्शन कटवाते जिला सलाहकार दीपक कुमार व कनिष्ठ अभियंता रवि पूनिया।

कलायत खंड के गांव हरीपुरा में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के वासो में जिला सलाहकार दीपक कुमार व कनिष्ठ अभियंता रवि पूनिया की अगुवाई में पीने के पानी को सब्जी की खेती में उपयोग करने वाले 33 कनेक्शन कांटे गए। जिला सलाहकार ने बताया कि विकास बालियान कार्यकारी अभियंता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंडल नंबर 2 कैथल के निदेर्शानुसार गांव में सब्जी के कनेक्शन को काटने का काम किया गया। जिला कलाकार दीपक कुमार ने बताया कि गांव हरीपुरा के गांव वासी जल आपूर्ति की समस्या को लेकर शिकायत कर रहे थे। विकास बालियान कार्यकारी अभियंता ने निर्देश दिए कि गांव में सब्जी कनेक्शनों को काटा जाए और लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया जाए, गांव में पानी की बबार्दी को रोका जाए। जिला कलाकार दीपक कुमार ने बताया कि यह अभियान जारी रहेगा। जहां सब्जी के कनेक्शन मिलेंगे, वहां विभाग द्वारा कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा घरेलू कार्य के लिए पानी दिया जाता है, ना की खेती करने के लिए। जिला सलाहकार दीपक कुमार ने बताया कि गांव हरीपुरा में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा कुल 145 पेयजल के कनेक्शन वैध है।

### किसान की जहरीली दवा पीने से मौत, चार पर केस

राजौंद। खंड के खेड़ी सिंबलवाली के 55 वर्षीय किसान ने खेत के पड़ोसी की ओर से उसके साथ हाथापाई व धमकी से तंग आकर जहरीली दवाई पी ली। जिससे उसकी मौत हो गई। इस मामले में मृतक के बेटे ने गांव के चार लोगों पर पिता को आत्महत्या के लिए मजबूर करने का आरोप लगाया है। राजौंद थाना में दी गई शिकायत में खेड़ी सिंबलवाली निवासी बलविंद्र ने बताया कि वह बिजली ठीक करने का काम करता है। गांव में उनके पास खेती योग्य जमीन है। उनके साथ राममेहर की जमीन लगती है। राममेहर उनके खेत में से पानी की पाइप लाइन जबरदस्ती दबाना चाहता था। उसको इस बारे में मना भी किया था। उसने लाइन दबाने के लिए जान बूझकर उनकी जमीन खोद दी। जब उसके पिता बरसाती राम ने खेत में जाकर उनको रोकना चाहा तो राममेहर, टोनी, सेवा व रामपाल ने उसके पिता के साथ हाथापाई की।

## ढांड : राइस मिल में लगी आग से लाखों रुपये का सामान जला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ढांड



करनाल-पटियाला हाइवे पर स्थित ढांड में एक राइस मील में अचानक आग लगने से अफरा तफरी मच गई। आग लगने की सूचना राइस मील प्रबंधन द्वारा तुरंत पुलिस को दी गई। घटना की सूचना मिलते ही ढांड थाना प्रभारी संजय कुमार तथा डायल 112 की गाड़ी मौके पर पहुंची और फायर ब्रिगेड की गाड़ी को मौके पर बुलाया। तेज हवा के चलते आग ने एकदम भयानक रूप धारण कर लिया। आर जी राइस मील के मालिक राकेश ने बताया कि राइस मील में अचानक बिजली के शाट सर्किट से आग लग गई। उस समय मजदूर भी राइस मील में काम कर रहे थे। मजदूरों तथा सडक से गुजरने वाले राहगीरों ने उन्हें राइस मील में आग लगने की सूचना दी। उन्होंने बताया कि आग ने देखते ही देखते भयानक रूप धारण कर लिया। हालांकि घटना की सूचना के तुरंत बाद पुलिस व फायर बिग्रेड की गाड़ियां मौके पर पहुंच गई थी। लेकिन तेज हवाओं के चलते और राइस मील में पड़े धान के छिलके,पराली तथा अन्य सामान आग लगते ही राख के ढेर में तबदील हो गए।

बैठक | उपायुक्त ने बैठक में उपस्थित न होने पर की कार्रवाई


# जिला परिषद डिप्टी सीईओ व कृषि विज्ञान केंद्र के मुख्य समन्वयक को कारण बताओ नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



कैथल। डीसी प्रीति अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते। फोटो :हरिभूमि

डीसी प्रीति ने कहा कि जिले में मत्स्य पालन के क्षेत्र को बढ़ाया जाए। सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को लाभ मत्स्य पालकों तक समयबद्ध पहुंचाया जाए। उन्हें सब्सिडी आदि का लाभ भी समय पर उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें। उनके लिए मार्केट की उपलब्धता भी सुनिश्चित करें। इसके अलावा सभी ग्राम पंचायतें विभाग द्वारा चलाए जा रहे मत्स्य पखवाड़े में सहयोग करें और ग्रामीणों को मत्स्य पालन के बारे में ज्यादा से ज्यादा जागरूक करें। डीसी प्रीति वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में मत्स्य संबंधित योजनाओं के संदर्भ में अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दे रहीं थीं। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाएं कार्यान्वित गई हैं। जिसके तहत 40 से 60 % तक का अनुदान दिया जा रहा है, ताकि मत्स्य पालकों की आमदनी को बढ़ा कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जा सके। इसमें स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को जोड़ा जाए। कलायत के क्षेत्र में मत्स्य पालन को बढ़ावा देने की काफी संभावनाएं हैं, क्योंकि यहां का क्षेत्र सेम ग्रस्त है। किसान यहां पर मत्स्य पालन करके अपनी आय बढ़ा सकते हैं। अधिकारियों को निर्देश दिए कि मत्स्य पालन कर रहे किसानों की परेशानियों को जानें और यदि उन्हें अपने किसी प्रोजेक्ट में कोई दिक्कत आती है तो उसे दूर करवाकर उसका काम जारी रखवाएं। ऐसा न हो कि लाखों रुपये खर्च कर किसान कुछ समस्याओं के चलते मत्स्य पालन ही छोड़ दें। डीसी ने बैठक में उपस्थित न होने पर जिला परिषद की डिप्टी सीईओ एवं कृषि विज्ञान केंद्र के मुख्य समन्वयक को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश जारी किए हैं।




जींद। आग पर काबू पाते दमकल कर्मी। फोटो :हरिभूमि

### रजाना कलां में एकत्रित की 700 एकड़ की पराली राख

सफीदों। सफीदों उपमंडल के गांव रजाना कलां में देर रात्रि एक व्यापारी द्वारा एकत्रित की गई करीब 700 एकड़ की प्रराली जलकर राख हो गई। आग लगने की सूचना दमकल विभाग में दी गई। सूचना पाकर पिल्लूखेड़ा व सफीदों से फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग को काबू करने का प्रयास किया। आग इतनी भीषण थी कि कई घंटे में आग पर काबू पाया जा सका। उत्तर प्रदेश के शामली निवासी सतीश कुमार ने बताया कि उसने गांव रजाना कलां में ठेके पर जमीन लेकर वहां पर करीब 700 एकड़ की पराली एकत्रित की हुई थी। जिसमें अज्ञात कारणों से रात्रि में आग लग गई। उसके मजदूरों व अन्य ग्रामीणों के साथ-साथ दमकल कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद कई घंटों में आग पर काबू पाया। इस घटना में उसे लाखों रूपयों का नुकसान पहुंचा है।

बच्चो, जब भी मौका मिलता है, हम इंसान एक-दूसरे को अपनी बातों या हरकतों से हंसते-हंसाते हैं। यही काम मूर्तियां करें तो तुम चौंकोगे। कनाडा के वैंकूवर शहर में लाफ्टर स्टेच्यूज 'ए-मेज-इंग-लाफ्टर' नाम से मशहूर कांस्य की बनी अद्भुत मूर्तियां जो भी देखता है, हंसे बिना नहीं रहता। आओ जानते हैं, इन हंसाने वाली मूर्तियों के बारे में।

# हंसती-हंसाती स्टेच्यूज!

अमेजिंग

रजनी अरोड़ा



बच्चो, अगर कोई कहे कि खड़ी हुई स्टेच्यूज हंसाती हैं तो तुम यह बात आसानी से मानोगे नहीं, लेकिन यह सच है। कनाडा के वैंकूवर शहर में इंग्लिश बे बीच (समुद्र किनारे) स्थित मॉर्टन पार्क में मौजूद ब्रॉन्ज (कांस्य) से बनी विशालकाय अमेजिंग लाफ्टर स्टेच्यूज 'ए-मेज-इंग-लाफ्टर' को देखते ही अनायास हंसी आ जाती है।

## आर्टिस्ट ने अपने चेहरे जैसी बनाई हैं स्टेच्यूज

'ए-मेज-इंग लाफ्टर' मूर्तियों के इस समूह को चीन के मशहूर मूर्तिकार यू मिनजुन ने 2009 में तैयार किया था। इन मूर्तियों की सबसे खास बात यह है कि मिनजुन ने इन मूर्तियों के चेहरे को अपने चेहरे जैसा बनाया है। उन्होंने कुल 14 मूर्तियां बनाई हैं, जो कांस्य की हैं। हर मूर्ति अलग-अलग पोज में हंसती दिखती है। सबके चेहरे, आंखें, भौंहें, दांत, बाल सब कुछ बहुत बारीकी से उकेरे गए हैं। इन्हें देखकर लोग बस देखते ही रह जाते हैं।



### लाफ्टर स्टेच्यूज के अलग-अलग पोज

'ए-मेज-इंग लाफ्टर' की अलग-अलग पोज की बात करें, तो यहां चौदह अलग-अलग पोज में लाफिंग स्टेच्यूज बनाई गई हैं-

- दोनों हाथ सिर के ऊपर रखे, आंखें भींचकर जोर से हंसते हुए।
- घुटनों पर हाथ टिकाकर, आगे झुक कर हंसते हुए।
- एक हाथ मुंह पर, दूसरा हाथ ऊपर उठा हुआ।
- दोनों हाथ कमर पर, सीना चौड़ा कर जोरदार ठहाका लगाते हुए।
- दोनों हाथ गालों पर रखकर हंसते हुए।
- पीछे की ओर झुके हुए, सिर पूरी तरह ऊपर।
- एक हाथ से पेट पकड़ कर हंसते हुए।
- दोनों हाथ फैलाए हुए, जैसे दुनिया को गले लगाते हुए।
- सिर थोड़ा झुकाकर, आंखें टेढ़ी कर हंसते हुए।



- कान पकड़कर हंसते हुए।
- हल्का झुक कर जमीन की ओर देखते हुए।
- हाथों को हवा में घुमाकर हंसते हुए।
- पूरा मुंह खोलकर, आंखें बंद कर भरे गले से हंसते हुए।
- दोनों भौंहें ऊपर उठाकर, होंठों को सटाकर हंसते हुए।

## भूल-भुलैया जैसा मजा

'ए-मेज-इंग लाफ्टर' मूर्तियों का यह समूह बहुत ही अमेजिंग तो है ही, साथ ही यह भूल-भुलैया खेल जैसा भी है। प्रत्येक मूर्ति की ऊंचाई लगभग 3 मीटर और वजन लगभग 250 किलोग्राम है। आर्टिस्ट ने इन कांस्य मूर्तियों को सर्कल में किसी भूल-भुलैया की तरह अरेंज किया है। इन मूर्तियों को इस तरह से रखा गया है कि इनका चेहरा बाहर की तरफ दिखता है। इन्हें देखकर ऐसा लगता है, जैसे ये मूर्तियां यहां आने वाले पर्यटकों को अपने आपको देखने के लिए इनवाइट कर रही हों। मूर्तियों के इर्द-गिर्द कोई दीवार नहीं है, इसलिए यहां आने वाले पर्यटक हर एंगल से मूर्तियों के साथ जुड़ जाते हैं। बच्चो, जब तुम यहां रखी एक मूर्ति से दूसरी मूर्ति के बीच से गुजरोगे तो तुम्हें लगेगा, जैसे तुम किसी भूल-भुलैया से गुजर रहे हो। इस दौरान अजीबो-गरीब पोज में हंसती हुई ये मूर्तियां हंसाती हैं।



## रंग बदलती दिखती हैं ये लाफिंग स्टेच्यूज

कांस्य से बनी इन मूर्तियों का रंग वैसे तो सुनहरा-भूरा है। लेकिन दिन के अलग-अलग समय में अलग-अलग एंगल से जब सूरज की रोशनी इन मूर्तियों पर पड़ती है तो इन मूर्तियों का रंग बदलता हुआ सा प्रतीत होता है। रात के समय जब इन मूर्तियों पर स्ट्रीट लाइट्स की रोशनी पड़ती है, तो इन मूर्तियों की चमक बहुत ही शानदार दिखती है। शाम को इंग्लिश बे पर समुद्र की लहरों की हल्की आवाज और इन हंसते चेहरों वाली मूर्तियों के बीच टाइम स्पेंड करना एक अलग ही फील देता है।

## मूर्तियों का संदेश-हंसना जरूरी है

'ए-मेज-इंग-लाफ्टर' के मूर्तिकार यू मिनजुन का कहना है कि हंसी वह पल है, जब हम सब कुछ भुलाकर सिर्फ हंसना चाहते हैं। ये मूर्तियां हमें याद दिलाती हैं कि खुशी सिर्फ एक सतही भावना नहीं है, वह हमारी गहरी बेचैनियों को ढंकने का माध्यम भी बन सकती है। सार्वजनिक स्थलों पर ऐसी कलाकृतियां, जो हंसी और खुशी का माहौल बनाती हैं, वे लोगों के तनाव को कम करने में मदद करती हैं। इंग्लिश बे पर बने ये लाफिंग स्टेच्यूज लोगों के बीच एक आंतरिक खुशी का माहौल बनाते हैं, जिससे पर्यटक और स्थानीय लोग दोनों ही जुड़ाव महसूस करते हैं। कांस्य की ये मूर्तियां, मानो हमें सदा हंसने-मुस्कुराने का संदेश देती हैं। *

अनोखे व्यक्तित्व / शिखर चंद जैन

बच्चो, हंसी-मजाक आज से नहीं तब से होता आ रहा है, जब राजा-महाराजा हुआ करते थे। उनके दरबार में कुछ ऐसे लोग भी रखे जाते थे, जो हंसी-ठिठोली करें, माहौल खुशगवार बनाएं। जानो, ऐसे ही कुछ मशहूर हस्तियों के बारे में।

# मशहूर-ऐतिहासिक हंसी के सरताज

## बादशाह अकबर के नौ रत्नों में से एक बीरबल



**मुगल बादशाह** अकबर के दरबार के नौ रत्नों में से एक थे बीरबल। उनका वास्तविक नाम था महेश दास। बीरबल बहुत बुद्धिमान थे, हाजिर जवाब थे। बड़ी से बड़ी समस्याओं का हल वे हंसते-हंसाते निकाल लेते थे। बादशाह अकबर अकसर मनोरंजन के लिए बीरबल से हंसी-मजाक किया करते थे। लेकिन बीरबल बुरा मानने के बजाय कुछ ऐसा बोलते या कोई ऐसी हरकत करते कि उल्टे बादशाह अकबर का ही मजाक बन जाता था। अकबर भी इस बात का मजा लेते। दोनों के मजेदार किस्से आज भी लोगों का मनोरंजन तो करते ही हैं, साथ-साथ ज्ञान भी बढ़ाते हैं। *

## दक्षिण भारत के विनोदी विद्वान तेनालीराम



**जिस तरह** उत्तर भारत में बीरबल के किस्से प्रचलित हैं, वैसे ही दक्षिण भारत में तेनालीराम के किस्से लोग खूब चटखारे लेकर सुनते-सुनाते और पढ़ते हैं। तेनालीराम दक्षिण भारत में विजयनगर साम्राज्य के राजा कृष्णदेव राय के दरबार के प्रमुख विद्वानों में से एक थे। उनका जन्म कर्नाटक के गुंटूर जिले के एक छोटे से गांव में हुआ था। उनका पूरा नाम तेनाली रामकृष्ण था। तेनालीराम अपने विनोदी स्वभाव से महाराज कृष्णदेव राय को खूब हंसाते थे। साथ ही कोई विकट परिस्थिति आने पर महाराज को उससे उबरने का सरल रास्ता भी बताते थे। बुद्धिमान और विनोदी तेनालीराम दक्षिण भारत में इतने प्रसिद्ध हैं कि आंध्र प्रदेश में उनके नाम पर एक रेलवे स्टेशन 'तेनाली' जंक्शन भी मौजूद है। *

## बंगाल के लोकप्रिय व्यक्तित्व गोपाल भांड



**बंगाल में** गोपाल भांड के किस्सों की लोकप्रियता उतनी ही है, जो उत्तर भारत में बीरबल की और दक्षिण भारत के बच्चों में तेनालीराम की है। 18वीं सदी में पश्चिम बंगाल के नादिया जिले में राजा कृष्णचंद्र रॉय का शासन हुआ करता था। उनके दरबार के नवरत्नों में से एक थे गोपाल भांड। वह अपनी चतुराई और हाजिर जवाबी के बूते पर न सिर्फ महाराज का बल्कि दरबारियों और प्रजा का भी दिल जीत लेते थे। गोपाल भांड कठिन से कठिन समस्या का हल चुटकी बजाते निकाल लेते थे। हंसी-मजाक से भरे उनके किस्से बंगाल की लोककथाओं में भी खूब पढ़े-सुने जाते हैं। *

## जीके क्विज-152



1. हाल में ही किसे भारत के उच्चतम न्यायालय का 52वां मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है?
2. पिछले दिनों चर्चा में रहा महुआदानर वुल्फ सैंक्चुअरी किस राज्य में स्थित है?
3. भारत के वर्तमान शिक्षा मंत्री कौन हैं?
4. मैकमोहन रेखा किन दो देशों के बीच सीमा बनाती है?
5. 'मधुबनी' किस राज्य की लोक चित्रकला शैली है?
6. भारत के किस राज्य में जनसंख्या का घनत्व सर्वाधिक है?
7. रेडक्रॉस संस्था का मुख्यालय किस देश में स्थित है?
8. किस भारतीय ने 'वर्ल्ड लाफ्टर डे' की शुरुआत की?
9. सिख संप्रदाय में लंगर प्रथा किसने शुरू की थी?
10. ओडिशा की राजधानी कहां है?

**बच्चो, जीके क्विज-152 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-151 का उत्तर :** 1.वैभव सूर्यवंशी, 2.जे.डी. वेंस, 3.बिहार, 4.विटामिन ए, 5.लैक्टोमीटर, 6. 1 मई, 7. 23.5 डिग्री, 8.ओडिशा, 9.नाइट्रोजन, 10.ईटानगर

**जीके क्विज-151 का सही उत्तर देने वाले:** कबीर-हिसार, शंभु-बलौदा बाजार, प्रगति-ईमेल से, एकता-ईमेल से, रमेश-कोरबा, सौरभ-बिलासपुर, गुंजा-रायपुर, अमित-करनाल, सोनम-बालोद, ईशान-रायगढ़, हर्ष-रोहतक, दिव्या-बेमेतरा, कनिष्क-बिलासपुर, सौम्या-महासमुंद, अंकित-भोपाल

## हंसगुल्ले

**मम्मी (गुस्से में) :** मिंटू, मैंने तुमसे कहा था कि जिस समय दूध उबले तो मुझे बता देना। देखो तो, सारा दूध गिर गया।
**मिंटू :** मम्मी, बता तो रहा हूं। जिस समय दूध उबला, तब 7 बजकर 10 मिनट हो रहे थे।

-संजय, रोहतक



**चिंटू :** दर्दनाक का क्या मतलब होता है?
**मिंटू:** जिसके नाक में दर्द हो, वह दर्दनाक होता है।

-अभिषेक, बेमेतरा

**टीचर :** रोहित, बताओ आई डोंट नो का क्या मतलब होता है?
**रोहित (सिर खुजते हुए) :** मैं नहीं जानता।
**टीचर :** बिल्कुल सही जवाब।

-सुमन, भोपाल

**चिंकी :** मुझे घर से स्कूल जाने में 90 मिनट लगते हैं, लेकिन स्कूल से घर आने में डेढ़ घंटे लग जाते हैं, बता ऐसा क्यों?
**मिंकी (एक पल सोचने के बाद) :** मुझे नहीं पता, तू ही बता दे।
**चिंकी (हंसते हुए) :** अरे बुद्धू, क्योंकि दोनों टाइम सेम हैं।

-कुणाल, महासमुंद

गोलू की तबियत ठीक नहीं थी, इसलिए वह दोस्तों के साथ खेलने के बजाय चुपचाप पार्क की बेंच पर बैठ गया। तभी वहां एक आदमी आकर उसके बगल में बैठ गया। उसने अपने आपको आम डॉक्टर बताया। गोलू के साथ उसने ऐसी मजेदार बातें कीं, वह अपनी बिगड़ी तबियत को भूलकर हंस पड़ा।

# आम डॉक्टर



हास्य कथा

समीर गांगुली

पार्क की बेंच पर बैठ कर, बच्चों को खेलते देखते गोलू की बगल में एक आदमी आकर बैठ गया। थोड़ी देर बाद उसने पूछा, 'बेटा, तुम खेल क्यों नहीं रहे हो?'

गोलू बोला, 'मेरी तबियत थोड़ी खराब है।' इस पर वह आदमी बोला, 'तबियत या तो खराब होती है या नहीं होती। थोड़ी का क्या मतलब?'

गोलू फालतू फेंटते उस आदमी की तरफ देखते हुए बोला, 'आप डॉक्टर हैं क्या?' वह बोला, 'हां, मैं आम डॉक्टर हूं?' गोलू ने फिर पूछा, 'आम डॉक्टर माने जनरल डॉक्टर?'

वह बोला, 'नहीं आम डॉक्टर..! वैसे मैं आम इंजीनियर बनना चाहता था।'

गोलू बोला, 'मतलब आप आम का इलाज करते हैं?' वह आदमी बोला, 'हां, अगर कोई आम आता तो, लेकिन आज तक कोई भी आम मेरे पास नहीं आया। शायद उन्हें अभी तक इसकी खबर नहीं हुई है।' गोलू को उसकी अजीब बात पर यकीन नहीं हुआ, उसने फिर पूछा, 'मैंने तो आज तक नहीं सुना कि आम या अमरूद या सेब का कोई डॉक्टर भी होता है। ये तो फल हैं। इन्हें इलाज की क्या जरूरत?'

इस बात पर आम डॉक्टर चिढ़कर बोला, 'आम को डॉक्टर और इंजीनियर की ही नहीं, वकील की भी जरूरत होती है।' गोलू चकराया, 'मैंने तो यह सब नहीं सुना।' गोलू को परेशान देख आम डॉक्टर बोला, 'कैसे नहीं सुना? अभी तो कहा मैंने। बच्चे, आम की दुनिया के तीन उसूल होते हैं। ध्यान से सुनो। पहला-आम, आम नहीं होता। दूसरा-आम का आदमी, रास्ते और सभा से कोई रिश्ता नहीं होता। तीसरा-एक दिन आम राज आएगा।'

गोलू ने आगे पूछा, 'आम को क्या बीमारी हो सकती है?'

आम डॉक्टर बोला, 'वो तो आम की मर्जी पर है कि वो कौन-सी बीमारी को आने के लिए रास्ता देगा या नहीं देगा। हां, कभी-कभी दुर्घटनाएं भी हो सकती हैं। तीसरे तरह की।' गोलू फिर चकराया, 'तीसरे तरह की यानी पहले और दूसरे तरह की नहीं?' आम डॉक्टर आंखों को आधा बंद करते हुए बोला, 'यहां पहला उसूल लागू होता है यानी आम, आम नहीं होता है।' गोलू ने पूछा, 'आम आपके पास आया और आपने उसे खा लिया तो क्या होगा?' वह बोला, 'तो वह इसकी शिकायत कबूतर खाने में कर सकता है।' गोलू फिर हैरान, 'अरे, आप उसे खा लेंगे तो वह शिकायत कैसे करेगा?' वह आदमी बोला, 'खाने से पहले कर सकता है।' गोलू ने पूछा, 'उसे पता कैसे चलेगा?' 'क्या?'

'यही कि आप उसे खाने वाले हैं।'

'जब तक आम पिज्जा नहीं मिलता, मैं तो आम को मुंह भी नहीं लगाऊंगा।' 'आम पिज्जा कहां होता है?' 'आम पापड़ होता है?' 'हां, होता है मगर वो पापड़ नहीं होता।' 'तभी तो यहां पहला उसूल लागू होता है।' 'क्या?' 'आम, आम नहीं होता।' 'आपको आम डॉक्टर किसने बनाया?' 'तुमने!' 'मैंने कब बनाया?' 'तभी, जब कहा कि तुम्हारी तबियत खराब है। अब मैं तुम्हारा इलाज करूंगा।' 'कैसे?' 'एक आम तरीका है।' 'वो क्या?' 'आंखें बंद करो और तीन बार नाक दबा कर बोलो, 'आम ना करे काम, आम ना मांगे दाम, आम करे आराम।'

ये कुछ अटपटा था, मगर गोलू ने ऐसा ही किया और जब आंखें खोली तो बेंच खाली था। वह आदमी जा चुका था, फोकट की मस्ती देकर। गोलू अब अपनी तबियत थोड़ी ठीक महसूस कर रहा था। उसे मन ही मन उस आदमी पर हंसी आ रही थी। *

कविता

डॉ. वेद मित्र शुक्ल



## पहाड़ और चुहिया

इक पहाड़ था गांव किनारे
उस पर कान धरे कोई जो,
सुनता आवाजें चूं-चूं की
ज्यों पहाड़ भीतर कोई हो।
अचरज होता कौन बला है
जो पहाड़ के अंदर रहता,
'इसका पता लगाना होगा'
जो भी सुनता था वह कहता।
आखिर इक दिन निश्चय करके
लगे खोदने वह पहाड़ सब,
एक बड़ा हिस्सा जब खोदा
निकली इक चुहिया बच्चो! तब।
बहुत परिश्रम किया सभी ने
पर, परिणाम मिला न बढ़िया,
मुखिया हंसा जोर से कहकर,
'परबत खोदा निकली चुहिया।'

## रंग भरो-174

रंग भरो-174 में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





आस्तिका, चांपा



हिमांक, दुर्ग



डिंपल, कवर्धा



भाविका, रायपुर



हिताक्षी, महेंद्रगढ़



अंकित, धमतरी

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

जसमायरा-भिलाई, कृतिका-बिलासपुर, नम्रता-बलौदा बाजार, पलका-धमतरी, प्रगति-बिलासपुर, रिद्धि-भिवानी, रितेश-मटियारी, रोशनी-दुर्ग, सानवी-अंबिकापुर, श्रेजल-कांकेर, श्वेता-रायपुर, वासनिक-रायपुर, वेदिका-रायपुर, तेजस-रायपुर

## रंग भरो 175



बच्चो, यहां पर हंसते-मुस्कुराते दो बच्चों का एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## गिनकर बताओ

बच्चो, इस चित्र में स्माइली और लाफिंग इमोजी वाले रेड और यलो कलर के कुछ बैलूंस दिए गए हैं। तुम्हें गिनकर बताना है कि चित्र में कुल कितने रेड बैलूंस हैं और कितने यलो बैलूंस हैं?



उत्तर: यलो बैलूंस-19, रेड बैलूंस-20

## खबर संक्षेप

### सैनी सम्मेलन का आयोजन तीन को

**नरवाना।** तीन मई को सैनी समाज द्वारा सैनी महासम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है जिसमें समाज कल्याण मंत्री कृष्ण बेदी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे कार्यक्रम की अध्यक्षता महंत अजय गिरीं, डेरा बाबा ग़ैबी साहब मंदिर करेंगे। इस अवसर पर आप सभी स्नेहीजनों को सादर आमंत्रित किया जाता है। कृपया समय आकर उपस्थिति दर्ज कराएं।

### मजदूर दिवस पर चतुर्थ श्रेणी कर्मी सम्मानित

**जींद।** नव प्रगति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डाहौला में अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। प्राथमिक विद्यालय के बच्चों और एनण्सीण्सीण के बच्चों ने मजदूरों की विभिन्न भूमिकाएं निभा कर उनका प्रतिनिधित्व किया।

### परमात्मा सकार भी निराकार भी: अहिरका

**जींद।** असमर्थ महिला कल्याण न्यास के संस्थापक पंडित रामनिवास अहिरका ने कहा कि जिस प्रकार क ख ग पढ़े बिना हम सीधे ही पुस्तक नहीं पढ़ सकतेए अंधकार के बिना सूर्य के प्रकाश को नहीं समझ सकते। इसी प्रकार आरंभ में ही हम सकार परमात्मा की भक्ति के बिना निराकार परमात्मा जिसका कोई रंग रूप आकार नही है। ऐसे परमात्मा को नहीं जान सकते। संसार में किसी वस्तु को जाने बिना उससे प्रेम, प्रेम के बिना भक्ति इस प्रकार नहीं हो सकती है।

### आयुष विभाग ने लगाया स्वास्थ्य जागरूकता कैंप

**जींद।** गांव सुलेहड़ा में हर महीने आयोजित की जाने वाली स्वास्थ्य से संबंधित गतिविधियों के तहत आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) सुलेहड़ा में वृद्धजन स्वास्थ्य जांच, पोषण सामग्री वितरण एवं स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का प्रारंभ सरपंच प्रतिनिधि रामफल ने भगवान धन्वंतरी की तस्वीर के सम्मुख ज्योति प्रज्ज्वलन कर किया।

### बच्चों ने किया शुगर मिल का भ्रमण

**जींद।** दालमवाला पब्लिक स्कूल के बच्चों ने स्कूल की गतिविधियों के अंतर्गत शुगर मिल का भ्रमण किया। यहां पर बच्चों ने देखा कि किस तरह से खाद्य पदार्थों उत्पादन होता है। कैसे गन्ने के रस से शीरा बनाया जाता है। उसके बाद उनको रिफाइंड कर किस तरह से चीनी का निर्माण किया जाता है। उसके बाद उनकी पैकिंग की जाती है। यह प्रक्रिया बहुत ही मुश्किल होती है।

### दो हजार बुजुर्गों के नेत्रों के ऑपरेशन करवाएंगी राह संस्था

**नरवाना।** सामाजिक संस्था राह ग्रुप फाउंडेशन की ओर से प्रति वर्ष 11000 बुजुर्गों को सम्मान एवं बेहत्तर चिकित्सा सुविधाएं देने की कड़ी में वर्ष 2025 में जींद जिले के 5000 बुजुर्गों की चिकित्सा जांच की जाएगी। जिसमें 2000 बुजुर्गों की आंखों का निशुल्क आप्रेशन किया जाएगा। इस बुजुर्ग सम्मान सेवा के अन्तगत प्राथमिकता नरवाना एवं उचाना विधानसभा क्षेत्र के गांवों को दी जाएगी।

### प्रवासी मजदूर की पत्नी हुई लापता, मामला दर्ज

**जुलाना।** जुलाना थाना क्षेत्र के गांव से प्रवासी मजूदर की पत्नी लापता हो गई। इसकी शिकायत पुलिस को दी गई। पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बिहार के सीतामढ़ी जिले के गांव चकुवा निवासी राजू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गतौली गांव में पाइप फैक्टरी में काम करता है। फैक्टरी में उसका परिवार भी रहता था।

### अलग-अलग स्थानों से दो युवतियां लापता, केस

**जींद।** जिले में अलग-अलग स्थानों से दो युवतियों के संदिग्ध हालात में गायब होने पर संबंधित थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। विजय नगर निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात उसकी बेटी घर से गायब हो गई। वहीं गांव उदयपुर निवासी एक महिला ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है।

## मुख्यमंत्री ने पूर्व राज्यमंत्री के आग्रह पर जारी किया बजट

# एक करोड़ से होगा संत शिरोमणि गुरु रविदास सामुदायिक भवन का निर्माण

### नगर पालिका जल्द टेंडर प्रक्रिया को पूरा कर निर्माण प्रारंभ करवाएगा

फूंस की झोपड़ी को श्री रैदास तख्त प्रबंध कमेटी ने श्री रैदास तख्त हरियाणा के रूप में विकसित किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

कलायत के वार्ड एक में नगर पालिका द्वारा जल्द एक करोड़ के बजट से संत शिरोमणि गुरु रविदास सामुदायिक भवन का निर्माण करवाया जाएगा। इसे नगर पालिका इतिहास में बेटी के तौर पर पहली बार पार्षद चुनी गई एमएससी छात्रा कुमारी रेणू धानियां को सीएम नायब सिंह सैनी का विकास योजना के माध्यम से बड़ा आशीर्वाद माना जा रहा है। वार्ड एक स्थित श्री रैदास तख्त परिसर में इस सामुदायिक भवन का निर्माण होना है। सीएम ने पूर्व राज्य मंत्री कमलेश ढांडा के आग्रह पर इस योजना के लिए बजट जारी कर दिया है। नगर पालिका द्वारा इसका प्रारूप तैयार किया जा रहा है। जल्द टेंडर प्रक्रिया को पूरा करते हुए निर्माण शुरू करवाया जाएगा। इस स्थान पर वर्षों पहले मंदिर के तौर पर केवल फूंस की झोपड़ी थी। फूंस की झोपड़ी को श्री रैदास तख्त प्रबंध कमेटी ने श्री रैदास तख्त हरियाणा के रूप में विकसित किया। इसमें 36 बिरादरी ने अपना योगदान दिया। अब प्रदेश सरकार ने प्रगतिशील सोच को बढ़ावा देते हुए इस परिसर में सामुदायिक भवन का निर्माण करने का निर्णय लिया है।महत्वपूर्ण विकास योजना को लेकर श्री गुरु रविदास विद्यापीठ राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं विमुक्त घूमंतू जाति विकास बोर्ड उपाध्यक्ष जसवंत पठानियां ने श्री रैदास तख्त पर हाजिरी लगाई। इस दौरान उन्होंने श्री तख्त के मुख्य महंत गुरु प्रसाद, श्री तख्त प्रबंध कमेटी प्रधान डा.प्रीतम कौलेखां, प्रबंधक रामकुमार धानियां, पार्षद कुमारी रेणू धानियां, उषा रानी, विनोद जेष्ठ, राजेंद्र चौहान, सचिव राजेश जेष्ठ, कोषाध्यक्ष सुभाष धानियां, विनोद ब्राह्मणियां, शमशेर दहिया, हिसम सिंह और अन्य गणमान्य लोगों से सामुदायिक भवन निर्माण योजना को लेकर बातचीत की। योजना की सौगात से हर कोई उत्साहित नजर आया। पूर्व राज्य मंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास के मूल मंत्र को लेकर काम कर रही है। संत शिरोमणि गुरु रविदास जी भक्ति आंदोलन के प्रवर्तक रहे हैं। उन्होंने अपनी शिक्षाओं के जरिये समाज को जगाया ।



**कलायत।** पूर्व राज्य मंत्री कमलेश ढांडा को मिठाई खिलाती पार्षद रेणू धानियां और पार्षद उषा रानी। *फोटो :हरिभूमि*

### भवन प्रेरणास्त्रोत बनेगा

नगर पालिका प्रशासन ने इस परियोजना को प्राथमिकता दी है और इसके लिए आवश्यक बजट की स्वीकृति भी प्राप्त कर ली है। यह रविदास समाज के लिए एक प्रेरणास्त्रोत बनेगा। इससे समाज में समानता, भाईचारे और शिक्षा के महत्व को बढ़ावा देगा। वार्ड एक से पार्षद कुमारी रेणू धानियां ने कहा कि सीएम नायब सिंह सैनी ने पूर्व राज्य मंत्री कमलेश ढांडा के आग्रह पर संत शिरोमणि गुरु रविदास सामुदायिक भवन निर्माण का जो तोहफा दिया है वह बेमिसाल है। इससे यह साबित होता है कि भाजपा सरकार हर क्षेत्र में महान विभूतियों को सम्मान देते उनकी शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाने में कोई कसर नहीं छोड़ रही। इसी तरह वार्ड में समाज के विभिन्न वर्गों को विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने का आश्वासन पार्षद ने दिया।

# आरकेएसडी स्कूल में श्रम-दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

आरकेएसडी पब्लिक स्कूल में आज श्रम-दिवस (लेबर-डे) के उपलक्ष में एक कार्यक्रम मनाया गया जिसमें स्कूल के कार्यरत सभी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के लिए खेल-प्रतियोगिता, रस्साकशी, दौड़, गायन अधिक क्रिया कलापों का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि एक मई को श्रमिकों को सम्मान देने हेतु श्रम दिवसह्न मनाया जाता है स्कूल में भी इसी बात को ध्यान में रखते हुए सभी कार्यरत कर्मचारियों को आज एक विशेष अनुभव प्रदान करने के लिए इन गतिविधियों का आयोजन किया गया। सभी बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ सभी के लिए ताली बजाई और हौसला बढ़ाया। स्कूल की प्रधानाचार्या निवेदिता भट्ट ने बताया कि यदि हम वास्तव में किसी विशेष दिवस को सार्थकता देना चाहते हैं तो हमें उस विशेष दिवस से संबंधित लोगों को सम्मान देना चाहिए जो केवल क्षणिक ना होकर शाश्वत हो। स्कूल में कार्यरत चतुर्थ वर्ग कर्मचारियों को स्कूल की रीड की हड्डी बताया क्योंकि इनके बिना स्कूल का कार्य पूर्ण व सुचारू रूप से सम्पन्न नहीं हो सकता।स्कूल प्रबंधक समिति के अध्यक्ष अश्विनी शौर्य बालाजी ने भी सभी चतुर्थ बार कर्मचारियों को श्रम दिवस की शुभकामनाएं दी।



श्रम दिवस दौड़ में भाग लेती आर के एस डी पब्लिक स्कूल की कर्मचारी।



डाकघर भवन का उद्घाटन करते अधिक्षक कर्मसिंह झंजौलिया व सरपंच कुसुमलता।

### डाकघर भवन का किया उद्घाटन

**ढाड।** कौल में ग्राम पंचायत द्वारा करीब 12 लाख की राशि से तैयार डाकघर भवन का उद्घाटन विभाग के कुरुक्षेत्र डिविजन के अधिक्षक कर्मसिंह झंजौलिया व सरपंच कुसुमलता ने रिबन काट कर किया। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से विभाग के एसडीआई सुशील मितल, पोस्टमास्टर सुमिंदर सिंह, सरपंच प्रतिनिधि नरेश कौल व समस्त पंच एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे। समाजसेवी नरेश कौल ने बताया कि गांव कौल में डाकघर का भवन नहीं होने से पिछले चालीस सालों से निजी मकान में ही डाकघर चल रहा था। जो भवन बिलकुल खस्ता हालात में था जिससे ग्रामीणों व पोस्टमास्टर को भारी परेशानी होती थी। समस्या को देख गांव की सरपंच कुसुम लता ने डाकघर भवन बनाने का बीड़ा उठाया और डाकघर को पंचायत की जमीन उपलब्ध करवाई है।

### ठेकेदार का ठेका तुरंत रद कर ब्लैकलिस्ट किया जाए

**कैथल।** भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी के युवा प्रदेशाध्यक्ष विक्रम कसाना एडवोकेट के नेतृत्व मे सैकड़ो किसान मार्किट कमेटी कैथल कार्यालय मे पहुंचे। वहा पर कमेटी कार्यालय के बाहर किसानो ने मंडी से उठान ना होने को लेकर प्रशासन व ठेकेदार के जमकर नारेबाजी की। उसके बाद युवा प्रदेशाध्यक्ष विक्रम कसाना व जिलाध्यक्ष गुरनाम सिंह फरल के नेतृत्व मे किसानो ने एसडीएम अजय सिंह को जिला उपायुक्त कैथल के नाम ज्ञापन सौपा। युवा प्रदेश अध्यक्ष विक्रम कसाना ने कहा गेंहू की खरीद 1अप्रैल से शुरू हो गई थी लेकिन आज एक महीना बीत जाने पर भी गेंहू उठान ना होने को लेकर अभी तक किसानो के खाते मे पैसै नही आये है।भाकियू (चढूंनी) सरकार से मांग करती है कि गेंहू लिफ्टिंग ठेकेदार का ठेका तुरंत प्रभाव से रद कर उसको ब्लैकलिस्ट करके उठान का टेंडर किसी ओर एजेंसी को दे दिया जाएं।

### श्रमिक दिवस पर विशेष सभा का आयोजन

**कैथल।** एमडीएन ग्लोबल स्कूल में श्रमिक दिवस के अवसर पर एक विशेष सभा का आयोजन किया गया। इनिदेशक डॉ विनोद कुमार और चेयरपर्सन निधि कंसल ने विद्यालय के सभी सहायकों और श्रमिकों को उनके योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। विद्यालय के मैनेजर गौरव गर्ग ने कहा कि श्रमिक दिवस हमें श्रम की गरिमा और महत्व की याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि हमारे विद्यालय के सहायक कर्मचारी विद्यालय के दैनिक कार्यों को सुचारु रूप से चलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ संत कौशिक ने अपने संबोधन में छात्रों को श्रम की गरिमा और महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि श्रमिकों के बिना हमारे जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है, और हमें उनके योगदान को सम्मान देना चाहिए।




**जींद।** कार्यक्रम में प्रस्तुति देते बच्चे। *फोटो :हरिभूमि*



**कैथल।** श्रम दिवस के दौरान एमडीएन ग्लोबल स्कूल के विद्यार्थी।

### मजदूर दिवस पर विशेष सभा का आयोजन

**जींद।** मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल में मजदूर दिवस के अवसर पर विशेष सभा का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य न केवल श्रमिकों के अथक परिश्रम को सम्मान देना था बल्कि विद्यार्थियों में श्रम के प्रति संवेदनशीलता, कृतज्ञता एवं जिम्मेदारी का भाव भी विकसित करना था। सभा में स्कूल के सभी वर्गों के छात्र व छात्राओं व शिक्षको की उपस्थिति रही। नन्हें.मुन्ने बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दी। सभा में विद्यालय के प्राथमिक कक्षा के बच्चों ने एक मधुर समूह गीत गाया। इसके बाद नन्हें.मुन्ने बच्चों ने श्रमिकों के दैनिक जीवन को दर्शाती सुंदर प्रस्तुति दी। जिसमें उन्होंने मजदूरों की दिनचर्याए कठिन परिश्रम और समाज में उनके योगदान को सरल शब्दों और भावपूर्ण अभिनय के माध्यम से दर्शाया। मिडिल कक्षा के विद्यार्थियों ने मूलभूत शिक्षा विषय पर प्रस्तुति दी।

### श्रमिकों के समर्पण का सम्मान हो : सिहाग

**जींद।** आधारशिला विद्यालय में श्रमिक दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि की भूमिका में प्रबंधक समिति के अध्यक्ष संदीप सिहाग ने शिरकत की। उन्होंने अपने कर.कमलों से दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसमें विद्यार्थियों ने कविता, भाषण, नाटक आदि गतिविधियों के माध्यम से इस दिन के महत्व व श्रमिकों के योगदान के विषय में बताया। अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी भावनाओं का अत्यंत मार्मिक ढंग से मंचन किया। विद्यालय से संबंधित सभी श्रमिकों को उपहार देकर उन्होंने इस दिवस की महत्वता को सार्थक किया। अपने संबोधन के दौरान संदीप सिहाग ने कहा कि काम करने वाला हर व्यक्ति मजदूर है और हर श्रमिक सम्मान चाहता है। हमें हर मजदूर का सम्मान एवं सराहना करनी चाहिए।




**जींद।** श्रमिकों को सम्मानित करते निदेशक अंजू सिहाग।



**जींद।** रानी तालाब पर मीठे पानी की छबील लगा पानी पिलाते हुए युवा।

### मीठे पानी की छबील लगाई

**जींद।** भारतीय मेडिकल सेल्ज रिप्रेजेंटेटिव महासंघ के द्वारा वीरवार को रानी तालाब पर मीठे पानी की छबील लगाई गई। महासंघ के सदस्यों ने राहगीरों व वाहन चालकों को रोक-रोक कर मीठा पानी पिलाया। भारतीय मेडिकल सेल्ज रिप्रेजेंटेटिव महासंघ के सचिव गुलशन, सुरेंद्र, सुशील, मनोज वधवा, पारस, मितेश, नारिश, अमरजीत सिंह, गौरज जैन, गौरव अरोड़ा ने बताया कि इस समय भीषण गर्मी का मौसम है और मीठा पानी पिलाकर सेवा करना पुण्य का भागीदार बनना माना जाता है। इसी उद्देश्य को लेकर महासंघ सदस्यों ने रुपये एकत्रित कर मीठे पानी की छबील लगाने का काम किया है। वीरवार को रानी तालाब चौक पर हजारों लोगों को रोक-रोक कर वाहनों व पैदल चल रहे राहगीरों को पानी पिलाने काम किया। मनोज वधवा ने बताया कि गर्मी के मौसम में प्यास ज्यादा लगती है।




**जींद।** समाधान शिविर में शिकातयें सुनते डीसी। *फोटो :हरिभूमि*

### शिकायतों का त्वरित हल प्राथमिकता

**जींद।** उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि समाधान शिविरों में प्राप्त शिकायतों का निवारण प्रशासन की जिम्मेदारी है और इसके प्रति अधिकारी जवाबदेह हैं। जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुनना और त्वरित कार्रवाई करना प्रशासनिक अधिकारियों का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि आम जनता को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, यह सुनिश्चित करना अधिकारियों का नैतिक और प्रशासनिक दायित्व है। वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में कुल सात शिकायतें प्राप्त हुई। जिन्हें उपायुक्त ने गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के लिए निर्देशित किया। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार अब प्रत्येक सोमवार और वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर आयोजित किया जाएगा।

# सीआरएसयू में सफाईकर्मियों का वेतन पांच माह से लंबित

- छात्रों व सफाई कर्मियों की समस्याओं को लेकर सौंपा रजिस्ट्रार को मांगपत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर किसान छात्र एकता संगठन के नेतृत्व में गुरूवार को प्रतिनिधिमंडल ने चौधरी रणबीर सिंह विवि की कुलसचिव प्रो. लवलीन मोहन को ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में विवि के सफाई कर्मचारियों के पांच माह से लंबित वेतन छात्रों की मूलभूत समस्याएं व विभागीय अव्यवस्थाओं को उठाया । उप प्रधान अभिषेक जुलाना ने कहा कि ये शर्मनाक है कि मजदूर दिवस के दिन भी सफाई कर्मी व पार्ट टाइम डी ग्रुप कर्मचारी के लिए संघर्ष कर रहे हैं। ये कर्मचारी विवि की रीढ़ हैं और उनका सम्मान करना प्रशासन का दायित्व है। यूथ अध्यक्ष नवरत्न माथुर ने विभागीय ढांचे पर सवाल उठाते कहा कि मास कम्यूनिकेशन, होटल मैनेजमैंट और लॉ विभागों में आजतक आवश्यक प्रयोगशालाएं और मॉक कोर्ट रूम तक उपलब्ध नही हैं।



**जींद।** रजिस्ट्रार को ज्ञापन सौंपते हुए। *फोटो :हरिभूमि*



**नरवाना।** कार्यक्रम को संबोधित करते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

### वेदांता इंटरनेशनल स्कूल में मनाया श्रमिक दिवस

**नरवाना।** वेदांता किड्स इंटरनेशनल स्कूल बसंत विहार में श्रमिक दिवस बड़े उत्साह और सम्मान के साथ मनाया । इस अवसर का उद्देश्य स्कूल के सभी श्रमिकों जैसे सफाईकर्मी, माली सुरक्षा गार्ड व अन्य सहायक कर्मचारियों के प्रति आभार प्रकट करना और उनके अमूल्य योगदान को सम्मान देना था। समारोह की शुरुआत सुबह 9 बजे प्रार्थना सभा के साथ हुई जिसके पश्चात प्रधानाचार्या श्रीमती रश्मि जैन ने अपने भाषण में श्रमिकों की कड़ी मेहनत और ईमानदारी की सराहना करते छात्रों को भी श्रम का सम्मान करने की प्रेरणा दी।

### अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाया

**नरवाना।** चिराग पब्लिक स्कूल में वीरवार को विश्व श्रमिक दिवस ;1 मई के उपलक्ष्य में श्रम ही सम्मान है थीम पर एक प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन देश व दुनिया के उन समर्पित कर्मचारियों को समर्पित था जो अपने परिश्रमए निष्ठा और सेवा भाव से देश व दुनिया की प्रगति में मौन लेकिन महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर छात्रों द्वारा प्रेरणादायक भाषणए कविताएं और स्लोगन प्रस्तुत किए गएए जिनमें श्रमिकों के त्याग और समर्पण को सम्मान पूर्वक दर्शाया गया। विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए धन्यवाद काड्र्स ने समारोह को भावनात्मक रंग दिया। विद्यालय के अध्यापक अश्विनी नैन ने अपने संबोधन में कहा श्रमिक वर्ग समाज का मौन निर्माता है।

## मौलिक स्कूल शिक्षा निदेशालय ने जारी किया पत्र

# राजकीय स्कूल में बनाई जाएगी पोषण वाटिका

- आधा एकड़ या इससे अधिक जगह पर लगाएंगे फलों व सब्जियों के पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिले के एक राजकीय स्कूल में पोषण वाटिका बनाई जाएगी। जिस स्कूल में आधा एकड़ या इससे अधिक जगह उपलब्ध है, वहां पोषण वाटिका के तहत चीकू, अमरूद, आम, पपीता, अनार, अंगूर, ड्रेगन फ्रूट, नीम और तुलसी जैसे पौधे लगाए जाएंगे। मौलिक स्कूल शिक्षा निदेशालय ने इसको लेकर प्रदेश के सभी जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों को पत्र जारी किया गया है। जारी किए गए पत्र के अनुसार हर जिले में एक पोषण वाटिका बनाई जाएगी। जिला स्तर पर स्कूल का चयन कर उसका नाम मुख्यालय को भेजना होगा। इसके लिए निदेशालय ने जिले के एक राजकीय स्कूल का नाम मांगा है। इसके अलावा जिले के राजकीय स्कूलों में किचन गार्डन भी बनाए गए हैं। जिले में प्राइमरी और मिडिल स्कूलों की संख्या 500 से अधिक है। किचन गार्डन से एक तरफ जहां विद्यार्थियों को ताजी सब्जी मिलेगीए वहीं दूसरी तरफ विद्यार्थियों का शारीरिक व मानसिक विकास बेहतर तरीके से होगा। इसको ध्यान में रखते हुए सरकारी स्कूलों के बच्चों को हरी-भरी सब्जियां खिलाने के लिए शिक्षा विभाग ने यह योजना बनाई है।

### स्कूल का किया जाएगा चयन



जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी डा. सुभाष वर्मा ने बताया कि पोषण वाटिका के लिए एक स्कूल का चयन कर मुख्यालय को रिपोर्ट जल्द भेज दी जाएगी। अभी स्कूल का चयन नहीं हुआ है। जिले के एक सरकारी स्कूल में पोषण वाटिका खोले जाने की शिक्षा विभाग की योजना है।

### विद्यार्थियों को मिलेगी प्रेरणा

मिड-डे मील में शुद्ध शाकाहारी भोजन विद्यार्थियों को मिल सके, इसलिए स्कूलों में ही किचन गार्डन तैयार किए गए हैं। इससे विद्यार्थियों में अपने घरों में कम स्थान पर सब्जी उगाने की प्रेरणा मिलेगी। किचन गार्डन में पालक, टमाटर, बैंगन और टिंडा के साथ मौसमी सब्जियां पैदा की जाती हैं। इसका उद्देश्य यह है कि एक तो विद्यार्थियों को बेहतर सब्जी उपलब्ध हो और दूसरा और घरों की छत व आंगन में गमले लगाकर उनमें सब्जी उगाने की जानकारी प्राप्त कर सकें। वहीं अब जिलि के एक स्कूल में पोषण वाटिका भी बनाई जाएगी। जहां आधा एकड़ या इससे ज्यादा की जगह स्कूल में उपलब्ध होगी।

**सूचना**

मैं, मूर्ति देवी पत्नी श्री ईशम सिंह ऊर्फ हिस्सम सिंह निवासी गांव मोहना, तहसील पूण्डरी, जिला कैथल, हरियाणा बयान करती हूं कि मेरा पुत्र सन्दीप कुमार व पुत्रवधु पूजा मेरे तथा मेरे परिवार के कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार साहिब जीन्द ।**

मनके सुमित्रा पत्नी श्री चरण सिंह निवासी ओम नगर जीन्द।

बनाम जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि मेरे पति स्व० श्री चरण सिंह पुत्र श्री भरथू राम निवासी ओम नगर जीन्द का देहांत दिनांक 20.02.2025 को हो चुका है इनकी मृत्यु के पश्चात इसके निम्नलिखित वारिस हैं - 1. सुमित्रा पत्नी 2. तमना पुत्र 3. निधि पुत्र 4. ज्योति पुत्री

इनके अलावा उक्त मृतक का दीगर वारिस नहीं है जिसके संबंध मे प्रार्थी ने अपना शपथ पत्र भी प्रस्तुत कर दिया है। इसलिए हर आम व खास को इस नोटिस/इश्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताए गए वारसान/उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक या इतराज हो तो वह स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 30 दिन के अन्दर अन्दर इस कार्यालय के कार्यदिवस पर अपना इतराज प्रस्तुत कर सकता है।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 01-05-2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

हस्ता/- तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार साहिब जीन्द।

## खबर संक्षेप

### बलबीर सिंह गुंबर को दी भावभीनी विदाई

**पूंडरी।** हरियाणा सर्व कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष बलबीर सिंह गुंबर आज बिजली निगम में अपने 32 वर्षों के शानदार सेवाकाल के उपरांत सेवानिवृत्त हो गए। गुंबर अपनी सेवाकालीन अवधि में यूडीसी (अपर डिविजन क्लर्क) के पद पर कार्यरत थे और उन्होंने निगम में अपनी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण से सभी का दिल जीता। सेवानिवृत्ति के अवसर पर सहकर्मियों और अधिकारियों ने एक भावभीनी विदाई दी । अवसर पर निगम के कई वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

### क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर ठगी

**राजौंद।** राजौंद पुलिस ने क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर 35000 की धोखाधड़ी करने का मामला दर्ज किया है। राजौंद के हैप्पी ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि वह डीजे का काम करता है। उसने बताया कि 13 मार्च को फोन पर अज्ञात नंबर से फोन आया उसने कहा कि वह आपकी क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ा सकता है। उसके द्वारा हामी भरने पर आरोपी ने उसे एक लिंक भेजा। जैसे ही उसने ऐप को डाउनलोड किया तो उसका क्रेडिट कार्ड नंबर से 35000 की राशि कट गई।

### मुन्नारेहडी में हाकी मारकर किया घायल

**कैथल।** पुंडरी खंड के गांव मुन्ना रेहडी में पिता पुत्र ने हॉकी से हमला कर एक व्यक्ति को घायल कर दिया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। मुन्नारहडी के मनीष ने कुंडली पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 18 अप्रैल को सायं करीब 8:00 बजे जब वह गांव से जा रहा था तो ठाकुर और उसके पिता पूर्ण चंद ने थप्पड़ मुक्कों और हाकियों से हमला करते हुए उसे घायल कर दिया। एएसआई सुनील कुमार ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### महिला अग्रवाल वैश्य समाज की जिला कार्यकारिणी गठित

**सफीदों।** महिला अग्रवाल वैश्य समाज जींद की जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया है। महिला प्रदेशाध्यक्षा सुशीला सर्राफ के निर्देशानुसार जिलाध्यक्षा सरोज गोयल ने यह नियुक्तियां की है। जिसमें सफीदों की रूबि सिंगला को जिला सलाहाकार, उचाना की किरण जैन को जिला सचिव, सफीदों की प्रेरणा गर्ग को जिला प्रवक्ता, सफीदों की मिनाक्षी जैन को जिला कोषाध्यक्ष, जींद की अंजू गर्ग को जिला महासचिव, सफीदों की रेणू मंगला को जिला उपाध्यक्ष, नरवाना की प्रियंका सिंगला को जिला सहसचिव नियुक्त किया।

### दो छात्राओं के साथ छेड़छाड़ का आरोप

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय की दो छात्राओं को पिछले कई दिनों से एक युवक परेशान करने तथा शिकायत यूनिवर्सिटी पुलिस चौकी में देने पर भी कार्रवाई नही हुई। कार्रवाई न होने पर आरोपित युवक उनके घर तक भी पहुंच गया और उन्हें परेशान किया। छात्राओं ने कहा कि अगर कार्रवाई नही हुई और उनके साथ कुछ भी हुआ तो इसके लिए पुलिस तथा विश्वविद्यालय प्रशासन जिम्मेवार होगा।

---

### मौसमी बीमारियों से बचाव को लेकर स्वास्थ्य विभाग की टीम फिल्ड में उतरी

# हर दिन बदलता मौसम दे रहा बीमारियों को न्योता, ओआरएस के पैकेट वितरित

**27 बुखार से पीड़ित लोगों के सैंपल लेकर जांच के लिए लैबोरेटरी भेजे, 50 से ज्यादा से लोगों की मधुमेह, उच्च रक्तचाप, खून की कमी की जांच की**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद


जींद। रक्त के सैंपल लेते हुए स्वास्थ्यकर्मी। फोटो : हरिभूमि


जींद। पानी में लार्वा की जांच करते हुए स्वास्थ्यकर्मी। फोटो : हरिभूमि

मौसम में उतार-चढ़ाव के चलते लोग बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि मौसमी बीमारियों से बचाव को लेकर स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के तहत 27 बुखार से पीड़ित लोगों के सैंपल लेकर जांच के लिए लैबोरेटरी भेजे गए। इसके अलावा 50 से ज्यादा से लोगों की मधुमेह, उच्च रक्तचाप, खून की कमी की जांच की।

जिन लोगों को मधुमेह सामान्य से ज्यादा पाया गया, उनको समय पर उपचार लेने की सलाह दी और खून से कमी वाले लोगों को आयरन की गोलियां नियमित रूप से लेने के लिए जागरूक किया। गर्मी का मौसम शुरू होने से पहले स्वास्थ्य विभाग की 50 से अधिक टीमें फिल्ड में है। यह टीमें पानी के सैंपल लेकर जांच के लिए लैबोरेटरी भेज रही हैं। साथ ही जागरूकता अभियान के दौरान जो भी बुखार पीड़ित मिल रहे हैं, उनके सैंपल लेकर भी जांच के लिए भेजे जा रहे हैं। वहीं जहां भी लार्वा मिल रहा है, उन्हें नोटिस देने का काम किया जा रहा है। अभियान के दौरान जिन लोगों को बुखार के लक्षण पाए गए, उन 27 बुखार से पीड़ित लोगों की जांच के लिए रक्त के नमूने भी लिए गए। वीरवार को डायरिया, हैजा व पीलिया जैसी बीमारियों से निजात पाने के लिए स्वास्थ्य कर्मचारियों ने शहर के राम कालोनी, विजय नगर चाबरी कालोनी, बुढाबाबा बस्ती, जोगेंद्र नगर, टपरीवास कालोनी सहित दर्जनभर कालोनियों में घर-घर जाकर लोगों की जांच की। जिला वरिष्ठ स्वास्थ्य निरीक्षक राममेहर वर्मा की अगुवाई में स्वास्थ्य कर्मचारियों ने मच्छरजनित रोगों के अलावा गर्मी के मौसम में होने वाली बिमारियो से बचाव की जानकारी दी साथ ही 50 से ज्यादा लोगों की मधुमेह, उच्च रक्तचाप, खून की कमी की जांच की।

#### पानी साफ करने की गोलियां दी

जिला वरिष्ठ स्वास्थ्य निरीक्षक राममेहर वर्मा ने बताया कि स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा लगातार अभियान चला कर पानी के सैंपल, बुखार पीड़ितों के सैंपल लिए जा रहे हैं। इसके साथ ही स्वास्थ्य कर्मचारियों द्वारा दूषित पानी से होने वाली बीमारियो से बचाव हेतू पानी साफ करने वाली गोलियां, ओआरएस के पैकेट भी वितरित किए जा रहे हैं। साथ ही पीने के पानी के सैंपल लेकर जांच के लिए भिजवाए गए हैं। अभियान में पवन कुमार, दिनेश, विनोद, राजरानी, सीता देवी, पूनम, दर्शना, अंजू, सुमन, राधा, उर्मिला, सविता, अश्मीनाए सहित अनेक स्वास्थ्यकर्मी शामिल रहे।



जींद। लोगों को मौसमी बीमारियों से बचाव को लेकर जानकारी देते हुए स्वास्थ्यकर्मी। फोटो : हरिभूमि

#### स्वच्छता बीमारियों से बचाव का उपाय

सीएमओ डा. सुमन कोहली ने बताया कि प्रत्येक व्यक्ति यदि थोड़ी सी सावधानी करके अपने घर तथा आसपास की सफाई करते हुए गड्ढों, खाली पड़े टायरों व गमलो आदि में गंदा पानी खडा न होने दे, सप्ताह में एक दिन ड्राई डे मनाए तो डेंगू, मलेरिया व चिकनगुनिया के अलावा डायरिया, हैजा व पीलिया जैसी भयानक बीमारी से बचा जा सकता है। यदि सर्दी व कंपन के साथ तेज बुखार, उल्टियां, गर्मी लगने, बुखार एक दिन छोड़ कर दूसरे दिन आने, उल्टी दस्त होने, शरीर में कमजोरी आने पर मरीज को तुरंत अपने आसपास के स्वास्थ्य केंद्र या स्वास्थ्य कार्यकर्ता के पास ले जाकर खून की जांच करवाने के उपरांत ही उपचार करवाना चाहिए।

---

# सुरजेवाला ने कर्नाटक के 12962 सफाई कर्मियों को करवाया पक्का



कैथल। सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला सफाई कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र सौपते हुए। फोटो :हरिभूमि

- मजदूर दिवस पर सफाई कर्मचारियों को पक्का कर कर्नाटक सरकार ने रचा नया इतिहास
- हरियाणा में कांग्रेस सरकार बनते ही सभी सफाई कर्मचारियों को किया जाएगा पक्का

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस महासचिव, सासंद व कर्नाटक के प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला ने मजदूर दिवस पर कर्नाटक की जनता को बहुत बड़ी सौगात दी। लंबे समय से काम कर रहे सफाई कर्मचारियों को पक्का करवाकर रणदीप सुरजेवाला ने एक इतिहास रचने का काम किया। रणदीप सुरजेवाला के इस कदम ने वर्षों से चले आ रहे इन कर्मचारियों के शोषण को समाप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह निर्णय न केवल श्रमिकों के लिए आर्थिक स्थिरता लाएगा, बल्कि सामाजिक न्याय और समावेशिता को भी बढ़ावा देगा। सुरजेवाला ने कहा कि यदि हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनती है तो सभी सफाई कर्मचारियों को पक्का किया जाएगा। कर्नाटक के प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कर्नाटक विधानसभा चुनावों में जनता से वायदा किया था कि कांग्रेस की सरकार बनते ही सभी सफाई कर्मचारियों को पक्का किया जाएगा। आज बेंगलुरु, कर्नाटक में कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में लंबे समय से कार्यरत 12,692 सफाई कर्मचारियों को पक्की सरकारी नौकरी दी और वर्षों के शोषण का अंत हुआ।

रणदीप सुरजेवाला ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के हाथों आज सभी 12,962 सफाई कर्मचारियों को सरकारी नौकरी के पत्र सौंपकर अपना वायदा पूरा किया। सुरजेवाला ने कहा कि गरीब, वंचित और शोषित वर्गों के लिए ये हमारा सच्चा विश्वास व साथ है। हमने जो जनता से वायदा किया था, आज उसे निभाकर भी दिखाया। रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि इससे पहले जब सफाई कर्मचारी प्रत्यक्ष वेतन के तहत काम कर रहे थे, तो उन्हें लगभग 27,011 रुपये प्रतिमाह वेतन मिल रहा था, अब इन सफाई कर्मचारियों को पक्की नौकरी मिलने के बाद वेतनमान 46,675 रुपये होगा। इसके साथ ही मूल वेतन, महंगाई भत्ता, मकान किराया भत्ता, चिकित्सा भत्ता और अन्य भत्ते मिलाकर कुल मासिक वेतन लगभग 39,053 रुपये प्रति सिविल सेवक होगा।

---


राजौंद। कार्यक्रम में भाग लेते हुए विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

### बिरला इंटरनेशनल स्कूल में श्रमिक दिवस मनाया

**राजौंद।** बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल में 1 मई को श्रमिक दिवस का आयोजन बड़े उत्साह और सम्मान के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत स्कूल के चेयरमैन वीर करण सिंह के संबोधन से हूई । इस दौरान उन्होंने स्कूल के सभी सहायक कर्मचारियों को उनकी मेहनत और उत्कृष्ट सेवाओं के लिए पुरस्कार देकर सम्मानित किया। छात्र-छात्राओं द्वारा इस दौरान एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिसमें श्रमिकों के महत्व पर एक भावनात्मक नाटक प्रदर्शित किया गया । इसके साथ ही छात्रों ने श्रमिकों के योगदान को समर्पित गीत और भाषण के माध्यम से अपनी भावनाएं प्रकट की। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि श्रमिक हमारे समाज की रीढ़ होते हैं और हमें उनके प्रति सदैव कृतज्ञ रहना चाहिए। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में श्रमिकों के प्रति सम्मान और संवेदनशीलता की भावना उत्पन्न करना था, जो पूर्ण रूप से सफल रहा। इस दौरान स्कूल के सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

# ट्रैफिक नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ पुलिस हुई सख्त

- आमजन को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक करने के अतिरिक्त काटे जा रहे चालान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल




सड़क सुरक्षा एक गंभीर मुद्दा है। कैथल पुलिस द्वारा एसपी आस्था मोदी के आदेशानुसार आमजन को सड़क सुरक्षा के मध्यनजर ट्रैफिक नियमों की पालना करने के अतिरिक्त नियमों की अवहेलना करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि बुधवार को 1 इम्पाउंड व्हीकल सहित कुल 152 वाहनों के चालान किए गए। जिनमें मुख्य रूप से गलत दिशा में ड्राईविंग के 48, वाहन पर बिना नंबर प्लेट के 9, लाइन चेंज के 8, बिना हेलमेट के 7, स्कुल बस के 6, मोबाइल युज के 2 तथा अंडर एज के 2 चालान किए गए है। एसपी आस्था मोदी ने कहा कि आमजन वाहन चलाते समय ट्रैफिक नियमों के प्रति लापरवाही बरतते है जिस लापरवाही की वजह से हम खुद को दूसरों को और अपने परिवार के साथ धोखा करते है जिससे कि जान माल का नुकसान भी होता है। एसपी ने कहा कि पुलिस का उद्देश्य चालान काटने का नही है बल्कि आमजन की जिंदगी बचाना है। सडको पर होने वाली दुर्घटनाओं में होने वाले जानमाल के नुकसान को कम करने के लिए पुलिस कटिबद्ध है। समाज के एक जिम्मेदार व समझदार नागरिक होने के नाते ट्रैफिक नियमों की पालना करें खुद की जिंदगी और अपनें परिवार की जिन्दगी को सुरक्षित रखें।

## न्यूज डायरी

### आठ मई को मनाया जाएगा विश्व रेडक्रास दिवस



**ढांड।** बाबू अनंत राम जनता महाविद्यालय कौल में प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल के मार्गदर्शन में 8 मई को विश्व रेडक्रास दिवस मनाया जाएगा। जिसके उपलक्ष्य में कालेज में स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 20 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। जिन्होंने मानवता के विषय पर अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. कोमल रानी और डॉ. अनीता नैन ने निभाई। जिन्होंने रचनात्मकता और प्रभाव के आधार पर प्रविष्टियों का सावधानीपूर्वक मूल्यांकन किया। प्राचार्य ने बताया कि प्रतियोगिता में युक्ति प्रथम, सानिया द्वितीय और मुस्कान ने तृतीय स्थान हासिल किया। प्राचार्य ने विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

### पॉलिसी का पालन करें सभी स्कूल संचालक : एसडीएम



**गुहला-चीका।** एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने वीरवार को अपने कार्यालय में सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के तहत खंड शिक्षा अधिकारी व विभिन्न स्कलों के प्रध्यापकों की बैठक ली। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी की पालन करना सुनिश्चित करें। सभी स्कूल केवल वैध वाहनों में ही बच्चों को स्कूल ले जा सकते हैं। टैंपो, जीप इत्यादि जैसे छोटे वाहनों का उपयोग न करें। स्कूल बस में चालक व परिचालक वर्दी में रहें व बच्चों को स्कूल से घर के अंदर तक छोड़ें। उन्होंने खंड शिक्षा अधिकारी से अब तक कितनी बसें चैक की गई, उसके बारे में जानकारी हासिल की। उन्होंने खंड शिक्षा अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि समय-समय पर सभी स्कूलों की बसों को चैक किया जाए। यदि कोई चालक व परिचालक बस से बच्चों को मेन रोड पर उतारता है तो यह सुरक्षित वाहन पॉलिसी के खिलाफ होगा तथा दोषी स्कूल के प्राचार्य के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# बिजली कर्मचारियों के सस्पेंशन को लेकर एसडीएम को सौंपा मांगपत्र

- कर्मचारी पैदल मार्च करके नारेबाजी करते मिनी सचिवालय पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सफीदों



सफीदों। नारेबाजी करते हुए मिनी सचिवालय पहुंचते हुए बिजली कर्मचारी।

बिजली कर्मचारियों के सस्पेंशन के विरोध में बिजली कर्मचारियों ने सीएम के नाम एक ज्ञापन एसडीएम पुलकित मल्होत्रा को सौंपा। वीरवार सुबह बिजली कर्मचारी 33केवीए पावर हाऊस में इक_ा हुए और वहां से नारेबाजी करते हुए हुए सीधे मिनी सचिवालय पहुंचे। कर्मचारियों ने एसडीएम पुलकित मल्होत्रा को एक ज्ञापन सौंप कर कर्मचारियों का सस्पेंशन रद्द करने की मांग की। ज्ञापन में कर्मचारियों ने कहा कि उनका धरना पिछले 21 दिनों से चला हुआ लेकिन आजतक उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई है। कर्मचारियों ने कहा कि एसडीओ के निर्देश पर विभाग की टीम गांव डिडवाड़ा, साहनपुर, मलिकपुर आदि गांवों में शिकायत के आधार पर बिजली चोरी की चैकिंग करने के लिए गई थी। इस चैकिंग टीम के द्वारा गांव डिडवाड़ा में एक उपभोक्ता का परिसर चैक किया था। चैकिंग के दौरान वहां पर घरेलू मीटर लगा हुआ है, जबकि उस परिसर का प्रयोग पशु डेयरी के रूप में किया जा रहा है और वहां पर कोई भी रिहायशी गतिविधि व रसोई इत्यादि नहीं मिली।

### जाट हाई स्कूल सोसायटी की शासकीय निकाय के गठन के लिए मतदान एक जून को: दीपक बाबूलाल


दीपक बाबू लाल करवा।

**कैथल।** एडीसी एवं जाट हाई स्कूल सोसायटी के प्रशासक दीपक बाबू लाल करवा ने बताया कि जाट हाई स्कूल सोसायटी कैथल के शासकीय निकाय के गठन के लिए आगामी एक जून को जाट कॉलेज कैथल में मतदान होगा। चुनाव प्रक्रिया के तहत 75 कॉलेजियम का चुनाव पूर्व में संपन्न हो चुका है। सोसायटी के प्रधान, उप प्रधान, महासचिव, कोषाध्यक्ष व 11 कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव होगा। जिसके लिए अधिसूचना पूर्व में जारी की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि अधिसूचना अनुसार 75 कॉलेजियम के संदर्भ में 24 व 25 अप्रैल तक आपत्तियां मांगी गई थी, लेकिन कोई भी आपत्ति दर्ज नहीं हुई है। पुनः 5 मई को कॉलेजियम सदस्यों की सूची नोटिस बोर्ड पर लगाई जाएगी। इसके बाद 12 व 13 मई को नामांकन पत्र भरे जाएंगे, जिनकी जांच 14 व 15 मई को होगी। वहीं 16 मई को नाम वापस लिए जा सकते हैं। चुनाव चिह्न का आवंटन 19 मई को होगा तथा मतदान एक जून 2025 रविवार को सुबह आठ बजे से शाम दो बजे तक होगा। मतदान के पश्चात उसी दिन चुनाव परिणाम घोषित कर दिया जाएगा। एडीसी दीपक बाबूलाल करवा ने बताया कि प्रधान पद के नामांकन फीस 51 हजार रुपए निर्धारित की गई है। उप प्रधान, महासचिव व कोषाध्यक्ष के पद के लिए 31 हजार रुपए व कार्यकारिणी सदस्यों के पद नामांकन फीस 21 हजार है। सभी पदों के लिए नामांकन फीस नॉन रिफंडेबल होगी। नामांकन फीस डिमांड ड्राफ्ट या चेक के माध्यम से ही स्वीकार की जाएगी।

### पांच दिवसीय प्रशिक्षण पूरा करने पर प्रमाण पत्र वितरित



**राजौंद।** पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय राजौंद के सामान्य ड्यूटी सहायक व सूचना प्रौद्योगिकी ट्रेड के अंतर्गत कोर्स कर रही छात्राओं को पांच दिवसीय प्रशिक्षण पर नीलम यूनिवर्सिटी कैथल ले जाया गया। छात्राओं का प्रशिक्षण पूरा होने पर इन छात्राओं को प्रमाणपत्र वितरित किए गए। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को अपने संबंधित क्षेत्र में कुशल बनाना और कार्य क्षेत्र में निपुण बनाना था। ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग तब होती है जब कर्मचारी उन प्रक्रियाओं और प्रक्रियाओं का निरीक्षण करते हैं।जिनका उपयोग उनके नियोक्ता एक कुशल और प्रभावी कार्यस्थल बनाने के लिए करते हैं। इस दौरान प्रधानाचार्य अजय मलिक की अध्यक्षता में प्रमाणपत्र वितरण समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान व्यवसायिक विषय की अध्यापिका मैडम सीमा लालर, सोनू गिल व स्टाफ के सभी सम्मानित सदस्य मौजूद रहे।

---

# किठाना पब्लिक स्कूल में मनाया श्रमिक दिवस, कर्मयोगी सम्मानित

- एमडी ढांडा ने कहा ये कर्मयोगी हमारे संस्थान की आधारशिला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजौंद


राजौंद। कार्यक्रम के दौरान कर्मयोगियों को सम्मानित करते हुए।

किठाना पब्लिक स्कूल में श्रमिक दिवस बड़े उत्साह और सम्मान के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर विद्यालय ने अपने समर्पित कर्मयोगियों का सम्मान किया, जो प्रतिदिन बिना किसी दिखावे के अपने कार्यों के माध्यम से विद्यालय की नींव को मजबूत करते हैं। विद्यालय की प्राचार्या डॉ सुमन ढांडा ने अपने संबोधन में कहा की कर्मयोगी हमारे सहयोगी हैं वह हमसे किसी भी रूप में कम नहीं हैं। वह सम्मान के पूर्ण अधिकारी हैं। उन्होंने कहा कि इन कर्मठ व्यक्तियों के बिना विद्यालय की दिनचर्या सुचारु रूप से नहीं चल सकती। इस दौरान एम.डी. विकास ढांडा ने कहा यह कर्मयोगी हमारे संस्थान की आधारशिला हैं। जो कार्य हम ऊपरी स्तर पर करते हैं,उसे संभव बनाने का कार्य यही लोग जमीनी स्तर पर करते हैं। इनकी मेहनत ही हमारे संस्थान की सफलता का आधार है। कार्यक्रम में पहुंचे चेयरमैन रामफल ढांडा ने कर्मयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा की इनका धैर्य, समर्पण और निस्वार्थ सेवा भाव विद्यालय के लिए अनमोल है। हम इनके योगदान के लिए हृदय से आभारी हैं।

### बार-बार चुनाव विकास में बाधा : ज्योति सैनी

# एक राष्ट्र एक चुनाव देश के विकास के लिए सही : लीला राम

- पंच-सरपंचों, पार्षदों तथा जिला परिषद के सदस्यों ने अपना समर्थन पत्र सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल



कैथल। पूर्व विधायक लीला राम और भाजपा जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी को सहमति पत्र सौपते प्रतिनिधि। फोटो :हरिभूमि

भारतीय जनता पार्टी द्वारा एक राष्ट्र एक चुनाव कार्यक्रम के तहत आरकेएसडी कॉलेज में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया । जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी रही । कार्यक्रम की अध्यक्षता करते पूर्व विधायक लीला राम ने बताया कि आज देश के लिए चुनाव एक चुनौती बन चुकी है क्योंकि हमारा देश एक ऐसा देश है कि जिसमें हर महीने कहीं न कहीं चुनाव होते रहते हैं जिसके बहुत ही नुकसान हैं विकास में बाधा बनते हैं। उन्होंने कहा कि जब चुनाव आते हैं तो विकास कार्य रुक जाते हैं जिसके कारण कई कई महीनों तक लोगों के काम पेंडिंग हो जाते हैं और लोगों को काम करवाने के लिए इंतजार करना पड़ता है। इस समस्या को खत्म करने के लिए माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने एक राष्ट्र एक चुनाव मुहिम चलाकर के पूरे देश के लोगों को चिंतन करने के लिए संगोष्ठियों का आयोजन पूरे देश में किया जा रहा है जिसके माध्यम से समाज के प्रतिनिधित्व करने वाले लोग सरपंच, पंच, ब्लॉक समिति, पार्षद, जिला परिषद जितने भी जन प्रतिनिधि हैं सभी की राय लेकर के एक राष्ट्र एक चुनाव के बारे में समझाकर के उनको इस मुहिम के लिए तैयार करना है लीलाराम ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी देश के विकास के लिए अनेक फैसले ले रहे हैं और इन फैसलों का सीधा असर देश की एकता अर्थव्यवस्था और राजनीति पर पड़ता है अगर पूरे देश में एक ही समय पर चुनाव होगा तो बहुत सारा बजट जो खर्च होना होता है वो हम विकास कार्यों पर खर्च कर सकते हैं भाजपा जिलाध्यक्ष बहन ज्योति सैनी ने कार्यकतार्ओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश को जरूरत है कि एक राष्ट्र एक चुनाव की मुहिम में हम सभी सहभागी बने और देश के अंदर एक मुहिम चलाकर के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और भारतीय जनता पार्टी कि जो विचारधारा है उसको मजबूत करने का काम करेंगे।